



# सिंधिया ने पिपरई को दी सांदीपनि सीएम राइज स्कूल की सौगात

## मुख्यमंत्री की नीतियों से अब गांव के बच्चों को भी मिलेगी कॉन्वेट स्तर की विश्वस्तरीय शिक्षा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को जिले के भ्रमण के पिपरई में 32 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होने वाले सांदीपनि सीएम राइज स्कूल का उद्घाटन किया। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने आज चंदेरी में शिशु मंदिर का भी उद्घाटन किया और माधव महाविद्यालय में अपने पिता स्व. माधवराव सिंधिया सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण एवं नई माधव साइंस कॉलेज बिल्डिंग का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि गांव के बच्चों के सपनों, संभावनाओं और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। इस अवसर पर चंदेरी विधायक जगन्नांथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक बृजेन्द्रे सिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस



अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे।

### गांव के बच्चों को मिले समान अवसर

समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर बच्चे तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि पिपरई में स्थापित यह स्कूल यह सुनिश्चित करेगा कि गांव का बच्चा भी वही संसाधन, वही गुणवत्ता और वही अवसर पाए जो देश के बड़े महानगरों के बच्चों को मिलते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा इन स्कूलों का नाम सांदीपनि रखने को अत्यंत सार्थक बताया, क्योंकि महर्षि सांदीपनि भगवान श्री कृष्ण के गुरु थे और ऐसे शिक्षालय बच्चों को सर्व गुण सम्पन्न बनाने की प्रेरणा देंगे।

### आधुनिक सुविधाएं और व्यावसायिक शिक्षा का संगम

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने बताया कि 32 करोड़ रूपये की लागत से विकसित होने वाला यह परिसर अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसमें स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान, गणित और भाषा के लिए आधुनिक प्रयोगशालाएं, तथा नवीन शिक्षण संसाधन उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि तकनीकी और व्यावहारिक कौशल भी प्राप्त करें और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में रोजगार सृजन करने वालेज् बन सकें।

### चंदेरी में शिक्षा और विरासत को समर्पित महत्वपूर्ण पहल

इससे पहले केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने आज चंदेरी में 30 लाख रूपये की लागत से निर्मित शिशु मंदिर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने माधव महाविद्यालय परिसर में अपने पिता स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण किया तथा नई माधव साइंस कॉलेज भवन का लोकार्पण भी किया। इन कार्यों के माध्यम से शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सशक्त करने के साथ-साथ क्षेत्र की ऐतिहासिक और वैचारिक विरासत को सम्मान देने का संदेश दिया गया।

### संस्कार, संस्कृति और जिम्मेदार नागरिकता

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार दिलाना नहीं, बल्कि संस्कारवान, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना भी है। इस विद्यालय में बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ा जाएगा, ताकि वे ज्ञान के साथ-साथ चरित्र निर्माण की भी मजबूत नींव प्राप्त कर सकें।

### ज्ञान और तकनीक का संगम

अपने संबोधन में सिंधिया ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत की शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लागू नई शिक्षा नीतिज् विद्यार्थियों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ने का अवसर दे रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इसी स्कूल से भविष्य के डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, उद्यमी और देश का नेतृत्व करने वाले कर्णधार निकलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार में प्रदेश में नौनिहालों की शिक्षा को लेकर बड़े कदम उठाये जा रहे हैं।



# ज्ञानालय परिवार के मुखिया अर्जुन यादव ने सिंधिया का किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** बुधवार को अपने दौरे पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पिपरई पहुंचे जहां ज्ञानालय परिवार के मुखिया अर्जुन सिंह यादव ने उनका भव्य स्वागत किया। जिसमें 11 जेसीबी सहित 151 फिट लंबे स्टेज से पुष्प बर्षा की गई। वही चंदेरी में महा विद्यालय में कैलाशवासी माधवराव सिंधिया के प्रतिमा का अनावरण उपरांत रास्ते में सिंहपुर चालदा में 151 गाड़ियों सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञानालय परिवार के मुखिया अर्जुन सिंह यादव द्वारा अनोखी आगवानी की गई। वहीं विधानसभा क्षेत्र के पिपरई में संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का ज्ञानालय परिवार के मुखिया के द्वारा 1 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं ने जमकर स्वागत किया।

### एक नजर में

#### जिले में सोलर पंप स्थापना हेतु शिविरों का आयोजन

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री कुसुम योजना अंतर्गत किसानों को सोलर कृषि पंप उपलब्ध कराने हेतु जिले में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना अंतर्गत सिंचाई कार्य हेतु ऑफग्रिड सोलर पम्प स्थापना का कार्य किया जाना है। इस योजना में कृषकों द्वारा लगभग 10 प्रतिशत अंशदान दिये जाने पर 30 प्रतिशत केन्द्रीय अनुदान व 60 प्रतिशत कृषक ऋण के रूप में लिया जाना है। इस योजना के माध्यम से 10 प्रतिश अंशदान कृषक द्वारा, 30 प्रतिशत सहायता केंद्र सरकार एवं 60 प्रतिशत ऋण बैंक के माध्यम से किया जाता है। जिले में सोलर पंप स्थापना हेतु 17 फरवरी अशोकनगर, 18 फरवरी अशोकनगर, 19 फरवरी चन्देरी, 20 फरवरी मुंगावली में समय दोपहर 12 बजे से सांय 05 बजे तक आयोजित किये गये है।

# हम जमीन के कब्जाधारी नहीं बल्कि सुरक्षाकारी

## रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग हाउस की जमीन को लेकर उपजे विवाद में दूसरे पक्ष ने की प्रेसवार्ता

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** गांधी पार्क के पास स्थित रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग हाउस की जमीन पर अतिक्रमण का मामला गर्माता जा रहा है। जहां एक दिन पहले रघुवंशी समाज के लोगों ने अखिल भारतीय अंखड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद के नेतृत्व ज्ञापन सौंपकर बोर्डिंग की जमीन पर से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। तो वहीं दूसरे दिन बुधवार को उक्त जमीन पर रह रहे राव सतीष रघुवंशी, रघुवीर सिंह रघुवंशी, गजराज सिंह रघुवंशी और देवेंद्र रघुवंशी ने प्रेसवार्ता आयोजित कर कहा है हम कब्जाधारी नहीं बल्कि उक्त जमीन के सुरक्षाधारी है। यह बात समाज के वरिष्ठजनों से लेकर आम जनमानस को पता है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस जगह पर हम लोग रह रहे है यदि यह जगह



समाज की है, तो हम लोग सबसे पहले खाली करने को तैयार है, इसके पहले इस जमीन को रघुवंशी शिक्षा परिषद के नाम ऑन रिकार्ड अमल कराना होगा। क्योकि इन्होंने हमको पहले नोटिस दिये, जिसका जबाब दिया है, तो रघुवंशी शिक्षा परिषद ने हार मान ली और हम लोगों का सामाजिक वाहिष्कार करने लगे। इसके साथ ही न्यायालय संस्था का प्रकरण चल रहा है उसके लेटर पैड पर ज्ञापन दिया जो कि गलत है। वहीं जो अपने आपको को अध्यक्ष कह रहे है वह फर्जी अध्यक्ष है, क्योकि उनकी किसी ने नियुक्ति नहीं कि और न ही किसी प्रकार के चुनाव हुए है। वहीं इस मामले में समाज के अध्यक्ष संजय रघुवंशी ने बताया जो व्यक्ति मुझे फर्जी बता रहे है, वह भी उस संगठन के सदस्य बने हुए है। साथ ही उनके द्वारा जो आरोप लगाए जा रहे है वह निराधार है।

### जमीन की कर रहे सुरक्षा

प्रेसवार्ता के दौरान रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग हाउस की जमीन को लेकर राव सतीष रघुवंशी ने बताया कि बोर्डिग की जमीन कागजों में करीब दस बीसवा है। जिसका रिकार्ड सर्वे क्रमांक 1043, 1044 में है। तो वहीं नगरपालिका जो पट्टा रघुवंशी शिक्षा परिषद द्वारा बताया जा रहा है वह 49 वाई 66 का है। लेकिन वह अभी तक अमल मे नही है आया है। वहीं परिषद द्वारा जिस पट्टे के आधार पर जमीन बताई जा रहीं है, उस पट्टे की जमीन पर हम चारों के घर नहीं आते है। साथ ही कहा जो जमीन बोर्डिग की है उसके हम कब्जाधारी नहीं है, बल्कि उस जमीन के सुरक्षाधारी है। यदि हम नहीं होते है, यह जमीन सुरक्षा नहीं होती है।

# कांग्रेस का मतदाता सूची में धांधली का आरोप

### दर्जनों मतदाताओं पर लगाई गई है आपत्ति

### कांग्रेस ने थाने पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**पिपरई।** ग्राम चिरवास एवं कर्र गांव के मतदाताओं के नाम काटने के विरोध में बुधवार को कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश महासचिव राव यादवेंद्र सिंह यादव और जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए थाने पहुंचे। जहां उन्होंने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश महासचिव राव यादवेंद्र सिंह यादव ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रशासन के संरक्षण में सत्ता पक्ष के लोग गरीब ग्रामीणों के मताधिकार को छीनने का प्रयास कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने कहा कि फॉर्म नंबर 7 का दुरुपयोग कर जिस तरह से फर्जीवाड़े की कोशिश की गई, वह अक्षम्य है। थाने पर ज्ञापन सौंपते समय मुंगावली ब्लॉक अध्यक्ष शोभाराम राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।





### कांग्रेस ने लगाए आरोप

कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि हनुमंत सिंह यादव और राजेश त्यागी जैसे लोग बाहरी होने के बावजूद गांव के मतदाताओं को निशाना बना रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें शासकीय स्तर से सूचना मिली है कि उनके नाम हटाने के लिए फर्जी आवेदन दिए गए हैं। जिसमें में कार्यवाही किए जाने की मांग कर गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने कहा कि यदि न्याय नहीं मिला, तो मुंगावली ब्लॉक स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जावेगा।

# मुख्यमंत्री ने दी नपा की जल प्रबंधन योजना को हरी झंडी

### नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया की मेहनत लाई रंग

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहर के जल प्रबंधन और स्वच्छता की दिशा में नगर पालिका परिषद ने एक एतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत काफी समय से लंबित 31 करोड़ 50 लाख रुपये की जल पयोजना को नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट के बाद स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस परियोजना के अमल में आते ही शहर का युस्ड पानी अब प्रदूषण नहीं फैलाएगा, बल्कि फिल्टर होकर खेती और अन्य कार्यों के उपयोग में आएगा।

**स्क्क्रतकनीक से होगा जल उपचार:** यह पूरी परियोजना आधुनिक SBR (Sequencing Batch Reactor) तकनीक पर आधारित होगी। योजना का मानक निविदा प्रपत्र (Standar Bidding





Document) जारी कर दीं गयी है। जिससे ठेकेदार का चिन्नांकन किया जाकर, जल्द ही धरातल पर काम शुरू होगा।

**परियोजना की यह है विशेषताएं:** परियोजना के तहत शहर में दो स्थानों पर प्लांट लगाए जाएंगे। जिसमें पहला हिरिया के टपरा पर (8 MLD क्षमता) और दूसरा कुड़ी घाट पर (4 MLD क्षमता) बनेगा। वहीं पूरे शहर के उपयोग किये गये पानी को एकत्रित कर प्लांट तक पहुंचाने के लिए लगभग 5 किलोमीटर लंबे विशेष नाले का निर्माण किया जाएगा। साथ ही प्लांट के संचालन के लिए 63 के दो ट्रांसफार्मर के साथ-साथ सोलर पैनल भी लगाए जाएंगे, जिससे बिजली की खपत कम होगी। पानी के संग्रहण के लिए हिरिया के टपरा और कुड़ी घाट पर बड़ी टंकियां और सम्बेल बनाए जाएंगे।

**किसानों को मिलेगा सिंचाई के लिए पानी:** नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने बताया की इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उपचारित (फिल्टर) पानी का उपयोग किसान अपने खेतों में सिंचाई के लिए कर सकेंगे। इसके अलावा इस पानी का उपयोग फायर ब्रिगेड, पार्कों मे पानी देने के लिए, वृक्षारोपण और अन्य गैर-पेय कार्यों में होगा। साथ ही यह भी कहा की गर्मियों के समय जब पानी की कमी होती थी, तब तालाबों पर दबाव बढ़ जाता था। अब वेस्ट पानी को रिसाइकिल कर उपयोग में लाया जाएगा, जिससे जल संकट दूर होगा। यह पानी केवल पीने के उपयोग में नहीं आएगा, बाकी सभी कार्यों के लिए वरदान साबित होगा।

# ओलावृष्टि से हुए नुकसान को देखने खेतों पर पहुंचे सिंधिया

### केंद्रीय मंत्री ने दिया किसानों को आश्वासन

### रविदास जयंती कार्यक्रम में भी हुए शामिल

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** पिछले दिनों क्षेत्र के ग्राम नरखेड़ा मे ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लेने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया खेत-खेत पहुंचे। जहां उन्होंने ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों को देखा साथ ही किसानों से चर्चा की और उन्हें हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ विधायक बृजेंद्र सिंह यादव मौजूद रहे। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को जल्द



मुआवजा की राशि प्रदाय करने के निर्देश दिए वही ग्राम बंगला चौराहा पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया संत शिरोमणि जगत गुरु रविदास जी महाराज की 649 वीं जयंती कार्यक्रम समारोह मे सम्मिलित हुए। वही विधायक बृजेंद्र सिंह यादव समारोह में शामिल हुए एवं मंच पर उपस्थित समस्त साधु संतों का माला पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया इसके बाद वह सीधे भोपाल निकल गए।

### नगर में कई जगहों पर किया गया भव्य स्वागत

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जब नगर में उनका काफिला निकला तो जगह-जगह उनका भाजपा कार्यकर्ता द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिसमें बस स्टैंड समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया। इसके बाद जैन समाज अध्यक्ष रूपेश जैन द्वारा फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। वही इमली चौराहे पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र जैन, जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी, सांसद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र दांगी, जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा नरेंद्र जाटव, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह परिहार, मण्डल महामंत्री रामबाबू दुबे, मनीष दुबे, सत्यजीत सिकरवार, आयुष दुबे, मयंक चौबे, राजपाल यादव अमरोद, इंद्रजीत यादव सहित अन्य लोगो द्वारा स्वागत किया गया।

### गजरथ महोत्सव

### कचनार में हाथियों के साथ निकाली गई शोभायात्रा

# भगवान आदिनाथ के जन्मोत्सव पर गांव में बांटे लड्डू मनाया जशन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** गजरथ पंचकल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन भगवान आदिनाथ जन्मे तो कचनार में हाथियों पर शोभायात्रा निकाली गई। गांव में जगह जगह रंगोलियां सजाई गई और समाज ने घरों को भी सजाया। जन्मोत्सव की अवसर पर पूरे गांव में लड्डू बांटे गए। मामला कचनार के राजपुर रोड पर चल रहे गजरथ पंचकल्याणक महोत्सव का है। जहां एक दिन पहले गर्भकल्याणक मनाया गया था। वहीं बुधवार को बालक आदि कुमार का जन्म महोत्सव मनाया गया। सौधर्म इंद्र व इंद्राणी ने बालक आदि कुमार को पांडुक शिला पर ले जाकर 1008 कलशों से अभिषेक किया, साथ





ही हाथी पर विराजमान कर कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई। एक हाथी पर सौधर्म इंद्र व इंद्राणी बालक आदि कुमार को लेकर चल रहे थे वहीं दूसरे हाथी पर कुबेर रत्नों की वर्षा करते हुए चल रहे थे। आगे आगे युवा नृत्य करते हुए चल रही थी वहीं महिलाएं मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं, युवा हाथों में धर्म ध्वजा लहराते हुए चल रहे थे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया।शोभा यात्रा का शुभारंभ राजपुर रोड पंचकल्याणक महोत्सव स्थल से हुआ जो मेन रोड से निकलकर जैन मंदिर होते पहुंची, जहां से बस स्टैंड होते हुए वापस पंचकल्याणक महोत्सव स्थल पर पहुंची, जहां सौ धर्म इंद्र द्वारा पाण्डुक शिला पर बालक आदिकुमार का जन्म अभिषेक किया गया।

### आदिकुमार का बताया जन्म चित्रण

कार्यक्रम में इस दौरान आदिकुमार के जन्म का चित्रण बताया गया। जहां राजा नाभिराय का दरबार सजा, इंद्र इंद्राणी राजा नाभिराय से मिलने पहुंचे। इंद्राणी बालक आदि कुमार को उठाकर लाई । शोभा यात्रा में ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की और लड्डू बाटकर समाज जनों का स्वागत किया। बुधवार को समाज जनों में इतना उत्साह रहा कि सभी ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और घर-घर भगवान आदिनाथ का जन्मोत्सव मनाया।

### बताया मानव जीवन का महत्व

मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज ने धर्म सभा में बताया कि जन्म तो पशु भी लेता है और जन्म मानव भी लेता है। मानव दानव भी बन सकता है और महामानव भी बन सकता है। उन्होंने बताया कि महामानव वह होते हैं, जिनकी जन्म कथा लिखी जाती है उनका जन्म उत्सव मनाया जाता है जो मानव जीवन को उत्कृष्टता की ओर ले जाते हैं। यह मानव पर्याय में आपने प्राप्त की है वह अनंत जीवन के बाद प्राप्त की है। इसे उत्कृष्टता की ओर ले जाना है।

# विधायक और नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

### वार्ड 13 में निर्माण कार्यों का किया गया भूमि पूजन

### निर्माण होने से लोगों को मिलेगी राहत

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और वार्डों के सौंदर्यीकरण के संकल्प के साथ नगर पालिका द्वारा विकास कार्यों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में बुधवार को वार्ड क्रमांक 13 स्थित मढ़ियां वाले हनुमान जी मंदिर के समीप विभिन्न गलियों में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न हुआ।

इस दौरान क्षेत्रीय विधायक हरिबाबू राय एवं नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने संयुक्त रूप से फावड़ा चलाकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस परियोजना के तहत वार्ड की



आंतरिक गलियों में पक्की सड़कों और जल निकासी के लिए नालियों का निर्माण किया जाएगा। जिससे स्थानीय निवासियों को कीचड़ और जलभराव जैसी पुरानी समस्याओं से स्थायी निजात मिलेगी। नपा अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने इस अवसर पर कहा कि शहर का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है और हर वार्ड में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ड वासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 13 से पार्षद विपिन शिवहरे, मोनू रघुवंशी, योगेश खेरा, गोपाल ओझा, अशोक सिंघाड़ा, पुजारी सनद महाराज, किशन यादव, बब्लू महाराज, दिनेश चौबे सिजाबट , अशोक जैन, दिनेश साहू, रंजीव नामदेव, अमन महाराज, पवन सोनी, गोलू भोपानी, हरिओम नामदेव सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित रहे।